### हितग्राही सम्मेलन से लौट रही बस उमरानाला के पास हादसे का शिकार, कई गंभीर घायल, 30 से ज्यादा एंबुलेंस जगह पर

# सड़क हादसाः पिकअप से टकराकर बस पलटी, 10 की मौत, 30 से ज्यादा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा उमरानाला इलाके में शाम करीब साढ़े 6 बजे उस समय हुआ, जब एक पिकअप वाहन से टक्कर के बाद यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भी मौत हो गई है। खबर लिखे जाने तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, मौत का आंकड़ा बढ़ने की संभावना है।







जानकारी के अनुसार, बस में कुल 47 लोग सवार थे, जो पुलिस लाइन छिंदवाड़ा में आयोजित हितग्राही सम्मेलन से लौट रहे थे। इसी दौरान सिमरिया के पास बस और पिकअप वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस सड़क किनारे पलट गई और मौके पर ही चीख-पुकार मच गई। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दुर्घटना इतनी भयावह थी कि एक महिला और एक बच्चे का हाथ कटकर अलग हो गया, जबकि कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया।

घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासन ने तेजी दिखाते हुए मौके से अस्पताल तक ग्रीन कॉरिडोर बनाया, जिससे एम्बुलेंस बिना किसी रुकावट के तेजी से अस्पताल पहुंच सकीं। कुल छह एम्बुलेंसों की मदद से घायलों को अस्पताल लाया गया। छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बस और पिकअप के बीच टक्कर ओवरटेक करने की कोशिश के दौरान हुई। पिकअप वाहन में लहसुन लदा हुआ था। उन्होंने बताया कि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जबकि पांच अन्य घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। बाकी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते रहे। घायलों के इलाज के लिए अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों और स्टाफ की व्यवस्था की गई है। हादसे के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा, जहां परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि जिस हितग्राही सम्मेलन से लोग लौट रहे थे, उसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासन में अव्यवस्थाएं बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में लोगों को ले जाने की व्यवस्था में लापरवाही बरती गई। साथ ही उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी कि घायलों के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं, प्रशासन का कहना है कि राहत और बचाव कार्य पूरी तत्परता से किया गया है और घायलों को बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ओवरटेक के दौरान हुई लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल, मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिजनों को सूचना दी जा रही है। जिले में इस दर्दनाक हादसे के बाद शोक का माहौल है। प्रशासन द्वारा मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने की बात कही जा रही है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में किया 506 करोड़ से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# सच्चा वादा, पक्का काम, प्रेम से बोलो, जय सिया रामः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार किसान, महिला, युवा और गरीब सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही है। किसानों की आय बढ़े, पशुपालन, मछलीपालन सहित अन्य गतिविधियों को अपनाकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए हम वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं। जिस तरह सीमा में जवान कार्य करते हैं, उसी तरह खेतों में किसान कार्य करते हैं। सरकार उनकी मेहनत समझती है। इसीलिए इस बार हम 2650 रूपये प्रति क्विंटल के रेट से गेहूं खरीदी करेंगे।



लाडली बहनों को अब तक 52 हजार करोड़ रूपये की राशि देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है। युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ा जा रहा है। हम सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य करते हुए रामराज्य लाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। भगवान राम हम सभी के हैं। जैसे भगवान राम अयोध्या में मुस्कुरा रहे हैं, वैसे ही हमारे चित्रकूट में मुस्कुराएंगें। प्रदेश में भगवान राम के चरण जहां जहां पड़े, उन सभी स्थानों को तीर्थ रूप में विकसित किया जा रहा है। सच्चा वादा, पक्का काम, प्रेम से बोलो जय सिया राम। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा कन्याओं के पूजन से की गई। जिसके बाद दीप प्रज्वलन उपरांत राष्ट्र गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रदेश के 7000 से अधिक श्रमिकों को 157 करोड़ और सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को 463 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की। इस दौरान छिंदवाड़ा जिले में विकास को नई गति देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 105 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

## छिंदवाड़ा के विकास में नहीं रहेगी कोई कसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज जिले को 506 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी गई है। विकास के मामले में छिंदवाड़ा अब लगातार आगे बढ़ता जाएगा। विकास के लिए हमारा और आपका संकल्प लगातार चलता रहेगा। सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। समान रूप से पूरे प्रदेश के विकास के लिए कार्य किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने छिंदवाड़ा यूनीवर्सिटी के भवन की व्यवस्था के लिये भी आश्वस्त किया। कार्यक्रम स्थल पर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं ने अपने परिश्रम और आत्मनिर्भरता से विकास की नई इबारत लिखी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विकास कार्यों की एक सशक्त श्रृंखला शुरू हो चुकी है, जिसका लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का छिंदवाड़ा के प्रति विशेष स्नेह है, जिसके कारण क्षेत्र में लगातार नई सौगातें मिल रही हैं। सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग की चिंता करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि संसदीय क्षेत्र में अब तक 84 उप-स्वास्थ्य केंद्र खोले जा चुके हैं, जिससे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएँ सुलभ हो रही हैं। सांसद श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जितनी अपेक्षाएँ की गई थीं, उससे कहीं अधिक कार्य धरातल पर देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजनाएँ तेजी से प्रभावी रूप में लागू हो रही हैं। उन्होंने छिंदवाड़ा के विकास को नई दिशा देने वाली महत्वपूर्ण घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि एयरस्ट्रिप को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किए जाने से क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही पांढुर्णा स्थित जाम सांवली में "हनुमान लोक" के लोकार्पण को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने जिले की ओर से ट्राइबल पेंटिंग का मोमेंटो मुख्यमंत्री डॉ.यादव को भेंट किया।

## श्री बड़ी माता मंदिर अष्टमी-हवन पूजन संपन्न, नवमी तिथि में कन्या पूजन - माता भोग- कलश विसर्जन



**छिंदवाड़ा।** श्री बड़ी माता मंदिर में आज प्रातः काल से महाअष्टमी पूजन पाठ अभिषेक के साथ भक्तों की बड़ी संख्या पूजन पाठ क्रम लगा रहा। प्रातः 10 बजे हवन प्रारंभ किया गया। जो कि 2 बजे तक सम्पन्न कर पूर्ण आहुति आरती के साथ समस्त भक्तों की मनोकामना पूर्ण प्रार्थना के साथ सम्पन्न हुआ। नवमी दिवस शुक्रवार को 27 मार्च रामनवमी के दिवस प्रातः 9 बजे से कन्या पूजन , माँ का प्रिय प्रसाद हलवा पुड़ी का वितरण किया जाएगा। एवम् दोपहर 3 बजे से ज्वारे कलश विसर्जन का कार्यक्रम स्थानीय छोटे तालाब में विसर्जन कर संपन्न किया जाएगा। आप समस्त भक्तगण सादर आमंत्रित है।

## ब्रह्म समाज प्रीमियर लीग (BSPL) सीजन-2 का होगा आयोजन, 28 मार्च तक

Bब्रह्म समाज कल्याण मंडल, छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में ब्रह्म समाज युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामाजिक क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने हेतु ब्रह्म समाज प्रीमियर लीग (BSPL) के दूसरे सीजन का आयोजन किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष विजय पांडे ने बताया कि विगत वर्ष आयोजित प्रथम सीजन को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप इस वर्ष पुनः लीग के आयोजन का निर्णय लिया गया है। युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोहित बंटी द्विवेदी ने बताया कि, इस बार लीग में कुल 12 टीमें भाग लेंगी तथा प्रतियोगिता का स्वरूप पूर्णतः फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित होगा। खिलाड़ियों के चयन के लिए आईपीएल की तर्ज पर नीलामी (ऑक्शन) प्रक्रिया अपनाई जाएगी।आयोजन समिति के विभोर द्विवेदी, ऋषभ स्थापक एवं शिखर पांडे ने बताया किलीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीयन करना अनिवार्य होगा, जिसमें उनके खेल से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की जाएगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर 29 मार्च को स्थानीय मिश्रा कॉलोनी स्थित सामाजिक भवन में शाम 04 बजे से खिलाड़ियों का ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। इस लीग का मुख्य उद्देश्य समाज की क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य के तहत अन्य जिलों एवं प्रदेश के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी इच्छुक खिलाड़ियों से समय-सीमा के भीतर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## दो सिलेंडरों में विस्फोट, 3 मकान स्वाहा

**पांढुर्णा।** कल बुधवार रात लगभग साढे दस बजे यहां शासकीय अस्पताल के करीब सिविल लाइन के एक मकान में रसोई गैस के दो सिलेंडरों में विस्फोट हो गया। गैस सिलेंडरों के इस जबरदस्त विस्फोट के चलते लगी भीषण आग में



लक्ष्मण बिंझाडे, लाजवंती मोहबे और ललिता हापसे के 3 अलग-अलग मकान स्वाहा हो गए। इस दुर्घटना के कारण बिजली विभाग के सतर्कता बरतते हुए शहर के कुछ हिस्सों में बिजली कई घंटे तक बंद रखी। खुशी की बात है कि विस्फोट से किसी प्रकार की कोई जनहानी नहीं हुई। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में एक घंटे का वक्त लगा। जिस घर में विस्फोट हुआ वहां के लोग जरूरी कार्य से बाजार गए थे, इसलिए किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। बुधवार की रात में तीनों मकानों के सदस्यों को अपने परिचितों के यहां रात गुजारनी पडी। एक दुर्घटना प्रभावित परिवार के सदस्य लक्ष्मण बिंझाडे के अनुसार उन्हें उनके घर में साजिश के तहत आग लगाए जाने का शक है। इनका कहना है कि वे गन्ने का रस बेचने का काम करते है, रात्रि में वे अपनी गन्ना मशीन के लिए डिजल खरीदने पेट्रोल पंप पर गए थे। पंप पर किसी ने उन्हें विस्फोट और आग लगने की मोबाइल पर सूचना दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में एक एक्टिवा स्कूटी, मकान में रखे सोने के जेवर, कपडे, अनाज एवं किराना सामान के अलावा सभी चीजे राख हो गई।

# पति बना हैवानः 24 घंटे में सुलझी पेंच नदी कांड की गुत्थी

### नागपुर ले जाकर रास्ते में की हत्या, शव सिंगोड़ी पुल से नदी में फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

पेंच नदी पुल के नीचे मंगलवार को मिले अज्ञात महिला के शव की गुत्थी सिंगोड़ी पुलिस ने महज 24 घंटे में सुलझा ली। इस सनसनीखेज मामले में महिला के पति को ही उसका हत्यारा पाया गया, जिसने वारदात को अंजाम देने के बाद शव को महाराष्ट्र से लाकर नदी में फेंक दिया।चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं एसडीओपी श्रीमती कल्याणी वरकड़े के निर्देशन तथा थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। मामला महाराष्ट्र पुलिस को सौंपा जाएगा पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। चूंकि घटनास्थल सेलू थाना, जिला वर्धा (महाराष्ट्र) के अंतर्गत आता है, इसलिए मर्ग डायरी जांच के बाद प्रकरण संबंधित थाना को भेजा जाएगा।



### ऐसे खुला हत्या का राज

24 मार्च को सूचना मिली थी कि पेंच नदी पुल के नीचे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा है। जांच के दौरान महाराष्ट्र के वर्धा जिले के सेलू थाना पुलिस के साथ रोशन चक्रे (27) सिंगोड़ी पहुंचे। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी बहन प्रणिता अपने पति अक्षय चौरपगार के साथ 23 मार्च को नागपुर गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

### पति ने कबूला जुर्म

सेलू थाना पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी अक्षय चौरपगार ने स्वीकार किया कि उसने रास्ते में पत्नी प्रणिता के साथ विवाद के बाद कार में ही उसका गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद ग्राम सेलू के पास दोबारा गला दबाकर उसकी मौत सुनिश्चित की। हत्या के बाद आरोपी शव को लेकर नागपुर होते हुए रात करीब 10 बजे सिंगोड़ी स्थित पेंच नदी पुल पहुंचा और शव को नीचे पानी में फेंक दिया, ताकि पहचान छुपाई जा सके।

## नवरात्र पर संगीतमय आरती की प्रस्तुति

**जुन्नारदेव।** नगर की ऐतिहासिक सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय श्री राम मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर संगीतमय आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में श्री रामलीला एवं दुर्गोत्सव समिति की कार्यसमिति एवं पात्रों की उपस्थिति के बीच नवरात्र के प्रथम दिवस से अंतिम दिवस तक प्रतिदिन मां दुर्गे की आरती से आराधना की गई, तत्पश्चात भोले बाबा, श्री राम एवं हनुमान जी की आरती भी नियमित रूप से की गई है। प्रति दिवस आरती के उपरांत उपस्थित भक्त जनों को फलाहारी प्रसाद वितरण भी किया गया।इस बड़े आयोजन में शहर के व्यापारीगणों राजनेताओं, जनप्रतिनिधि, पत्रकार बंधु सहित समस्त सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। श्री रामलीला एवं दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित इस नव दिवसीय कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को श्री रामनवमी के अवसर पर संध्याकाल 7:00 बजे किया जाएगा। इस दिन विशेष रूप से भगवान श्री का स्तुतिगान संगीतमय आरती की जाएगी तथा इसके उपरांत भंडारा का आयोजन किया जाएगा।



# जुन्नारदेव में 2 माह का समर स्पोर्ट्स कैंप

**जुन्नारदेव।** आज के डिजिटल दौर में जहाँ बच्चे मोबाइल और टीवी की दुनिया में अधिक समय बिताने लगे हैं, वहीं बच्चों को खेल, फिटनेस और आत्मरक्षा की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 माह का भव्य समर स्पोर्ट्स कैंप आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप 20 मार्च से 20 मई 2026 तक विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण, जुन्नारदेव में प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित होगा। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच योगेश रुखमांगद ने बताया कि यह समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार किया गया है। कैंप में बच्चों को कराते, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, थांगता मार्शल आर्ट, योगा व मेडिटेशन, दौड़, एथलेटिक्स, चित्रकला, वाद-विवाद, टीम गेम्स और कई रोमांचक आउटडोर गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही बच्चों को ट्रेकिंग के माध्यम से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सीमाओं का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे उनमें साहस, प्रकृति के प्रति जुड़ाव और नई चीजें सीखने की उत्सुकता विकसित हो सके। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीमवर्क, सहनशक्ति और सकारात्मक सोच का विकास करना है। बच्चों की आयु के अनुसार बालक एवं बालिका वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों को पहले बेसिक स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

## फुरकान मंसूरी ने 90% अंक पाकर गांव और स्कूल का नाम किया रोशन

**सिंगोड़ीः** मेहनत और लगन अगर सच्ची हो, तो सफलता कदम चूमती है। इसे सच कर दिखाया है ग्राम पिंडरई निवासी फुरकान मंसूरी ने। सरस्वती ज्ञान मंदिर सिंगोड़ी के कक्षा आठवीं के छात्र फुरकान ने वार्षिक परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। ग्राम पिंडरई निवासी फुरकान मंसूरी पिता शेख सुलेमान के सुपुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार और गांव में हर्ष का माहौल है। ग्रामीण इसे क्षेत्र की उभरती प्रतिभा के रूप में देख रहे हैं। वही फुरकान की इस शानदार सफलता पर सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल प्रबंधन ने प्रसन्नता व्यक्त की है। शिक्षकों का कहना है कि फुरकान शुरू से ही एक होनहार और अनुशासित छात्र रहा है। उसकी सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। अपनी सफलता का श्रेय फुरकान ने अपने माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। फुरकान का कहना है कि वह आगे भी इसी तरह कड़ी मेहनत कर अपने गांव और परिवार का नाम ऊंचा करना चाहता है।

### भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को लेकर पूरे शहर में दिख रहा उत्साह और उल्लास

# रामनवमीं पर तामिया बना भक्तिमयः सजावट, रैली और भंडारे से गूंजेगा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी को लेकर तामिया नगर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। हिंदू पर्व समिति के तत्वावधान में पूरे शहर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। जगह-जगह भगवा पताकाएं, स्वागत होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे पूरा नगर राममय हो गया है।

### झिलमिल रोशनी और सजावट बनी आकर्षण का केंद्र

शहर के प्रमुख मार्गों और मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। रात के समय झिलमिल करती रोशनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। तामिया की सड़कों पर निकलते ही ऐसा प्रतीत होता है मानो पूरा नगर भगवान श्री राम के स्वागत में सजा हो। हिंदू पर्व समिति के प्रयासों से इस बार की सजावट पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य और आकर्षक नजर आ रही है।

### सेल्फी प्वाइंट बना युवाओं की पहली पसंद

माता मंदिर के सामने "हमारा तामिया" नाम से विशेष सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया है। मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु यहां रुककर तस्वीरें ले रहे हैं। खासतौर पर युवा वर्ग में इस सेल्फी प्वाइंट को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। यह स्थान अब लोगों के लिए यादगार पल संजोने का केंद्र बन गया है।



### दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा राम जन्मोत्सव

हिंदू पर्व समिति के अनुसार 27 मार्च, शुक्रवार को ठीक दोपहर 12:00 बजे भगवान श्री राम का जन्मोत्सव विधिवत मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस पावन क्षण के साक्षी बनेंगे।

### दोपहर में निकलेगी विशाल वाहन रैली

रामनवमी के अवसर पर दोपहर 2:00 बजे से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली माता मंदिर से प्रारंभ होकर पांडु पिपरिया, ब्लॉक कॉलोनी होते हुए पुनः माता मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। रैली में सैकड़ों वाहन शामिल होंगे, जिन पर भगवा ध्वज और धार्मिक झांकियां सजाई जाएंगी। पूरे मार्ग में जय श्री राम के जयघोष से वातावरण गूंज उठेगा।

### शाम को भव्य शोभायात्रा में उमड़ेगा जनसैलाब

शाम 7:00 बजे भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें हजारों राम भक्त शामिल होंगे। यह रैली ब्लॉक कॉलोनी से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए ललिता देवी मंदिर तक जाएगी और फिर वापस माता मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। शोभायात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े और झांकियां विशेष आकर्षण रहेंगी।

### महा आरती और विशाल भंडारे का आयोजन

शोभायात्रा के समापन के बाद माता मंदिर प्रांगण में महा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल भंडारा आयोजित होगा, जिसमें लगभग 3000 से अधिक श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। समिति द्वारा भोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिंगोड़ी जनपद पंचायत अमरवाड़ा, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

क्रमांक/741/ग्रा.पं. सिंगोड़ी/2026 सिंगोडी दिनांक 18/03/2026

**-00 बाजार नीलामी सूचना 00-**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिंगोड़ी में दिन शनिवार को लगने वाले साप्ताहिक जनबाजार एवं दिन रविवार को लगने वाली बकरी बाजार की बाजार शुल्क फीस वसूली हेतु वर्ष 2026-27 में दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक के लिये ठेके पर दिया जाना है। बाजार निलामी की कार्यवाही दिनांक 28/03/2025 दिन शनिवार को समय दोपहर 12 बजे से ग्राम पंचायत भवन सिंगोडी में की जावेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति उक्त समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर ग्राम पंचायत में साप्ताहिक जन बाजार की प्रतिभूति राशि 54,000 रूपये एवं बकरी - बाजार की प्रतिभूति राशि 55,000 रूपये नगद जमा कर बोली लगा सकते है। दिनांक 28/03/2025 को दोपहर 12 बजे से साप्ताहिक जन बाजार की नीलामी होगी, उसके तुरंत बाद बकरी बाजार की नीलामी होगी।

**आवश्यक शर्तेंः**- निलामी से जुडी आवश्यक नियम व शर्ते कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत सिंगोड़ी कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| श्री बसंत वर्मा | श्री शेख इलमन भाई | श्री कपिल ठाकुर |
|---|---|---|
| सचिव | उपसरपंच | सरपंच |

**ग्राम पंचायत सिंगोड़ी**

# 35.09 करोड़ के कार्यो का हुआ लोकार्पण, रामनवमीं पर मुख्यमंत्री ने लगाई सौगातों की झड़ी

# सीएम ने श्री हनुमान लोक का किया भव्य 'श्री रामार्पण'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर जामसांवली धाम स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण की स्वीकृति की घोषणा कर श्रद्धालूओं को ऐतिहासिक सौगात दी प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्री हनुमान लोक परियोजना के प्रथम चरण 36 करोड के कार्य, संस्थान द्वारा निर्मित सभामंडप तथा रामसभा को सम्बोधित करने पहुचें थे। भव्य आयोजन में ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिह तोमर, संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिह लोधी, पूर्व मंत्री नाना मोहोड, कलेक्टर नीरज कुमार वषिष्ट, जिला भाजपा अध्यक्ष एवं ट्रस्टी संदीप मोहोड, प्रदेष प्रवक्ता एड अजय धवले, विधायक विजय चौरे,विधायक निलेष उईके, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते,नपा अध्यक्ष सुरेखा डागा,राहुल मोहड़ एवं ट्रस्टीगण टीकाराम कारोकार, संतोष डवरे,मोहन ताजने,राजू बाविसटाले, संजू डवरें पांडुरंग बोबडे, वसंत शेलकी सहित आदि प्रमुखता से उपस्थित थे।




## मुख्यमंत्री ने की सौंसर के संतरे की प्रशंसा

अवसर पर बोलते हुये डॉ यादव ने कहा कि, आज का दिन ऐतिहासिक है, इस षुभ दिन पर हनुमान लोक को प्रभू के चरणो में अर्पित करना मेरे जीवन के सबसे सुखद क्षणो में से एक है। यह परिसर केवल पर्यटन स्थल नही बल्कि, हमारी आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का विजय स्तंभ है। उन्होने कहा कि, राज्य सरकार सच्चा वादा पक्का काम के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेष को निरंतर विकास की दिषा में आगे बढा रहा है। डॉ यादव ने पांढुर्णा जिले के संतरे और बुनकरों की उत्कृष्ट साडियों की कलाकृति की प्रशंसा की।

## पम्परा, श्रम सम्मान एवं गर्भगृह पूजन किया

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन महाराष्ट्रीयन वास्तुकला से सुसज्जित भव्य प्रदेष द्वार पर हुआ जहा वैदिक मंत्रोच्चार, पुष्पवर्षा से स्वगात किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गोल्फ कार में बैठक संपूर्ण हनुमान लोक परिसर का अवलोकण किया। इस दौरान परिसर में सजी विभिन्न आध्यात्मिक झांकीयों ने त्रेतायुग की जीवंत अनुभूति कराई।सभामंडल द्वार पर पारंपरिक महाराष्ट्रीय ढोल पथक की गूंज और सांस्कृतिक प्रस्तुतियो ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देहरी पूजन भी किया गया। इसके पष्चात गर्भगृह में विराजित श्री हनुमान की प्रतिमा की विषेष पूजा अर्चना की। साथ ही इस भव्य निर्माण को साकार करनेवाले निर्माण श्रमिकों पर पुष्पवर्षा करते हुये उनके योगदान को नमन किया।

## मंदिर अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताएं एक साल के विकास कार्य

रामसभा में प्रस्तावना रखते हुये मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने एक वर्ष के विकासात्मक कार्यो पर प्रकाष डालते हुयें हनुमान लोक के द्वितीय चरण की स्वीकृति, चिरंजीवी पथ का पूर्ण निर्माण, नाला विस्थापन, सीवरेज ट्रीटममेंट प्लांट, सौ बेड भक्त निवास एवं मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना का समावेष है। वही जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पांढुर्णा में रिंगरोड, बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेषन तथा जिला मुख्यालय पर महिला थाना की स्थापना की मांग रखी। जिसपर मुख्यमंत्री द्वारा उदारमन के साथ हनुमान लोक द्वितीय चरण के कार्यो की घोषणा की।

## घोषणाओं की झड़ी से विकास को मिलेगी गति

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंदिर संस्थान एंव जनप्रतिनिधियों की मांगों को स्वीकार करते हुये कई महत्वपूर्ण घोषणायें की। हनुमान लोक परियोजना के द्वितीय चरण, पांढुर्णा में इंनडोर स्टेडियम, महिला पुलिस थाना, मंदिर परिसर में 10 बेड अस्पताल की घोषणा के अलावा सौसर क्षेत्र में कृषि महाविद्यालय खोलने हेतू केन्द्र सरकार को अनुषंसा पत्र भेजनें का आष्वासन दिया। हितग्राही को किया मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाभान्वित किया।

# श्री रामनवमीं धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, सज गए राम दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

श्री राम नवमी पर भव्य शोभा यात्रा झाँकी नदन खेल मैदान से निकलकर मेन सड़क मार्ग होते हुये दमुआ नं. 08 प्रतिपुल से निकलकर बैरीयर रोड से इंदिरा चैक दमुआ नया बस स्टेण्ड प. दीनदयाल चैक दमुआ होते हुये पुराना बस स्टॉप दमुआ मेन मार्केट के रास्ते होते हुये श्री दुर्गा मंदिर दमुआ और फिर बैरीयर प्रतिपूल होते हुये चिल्ड्रन पार्क मैदान दमुआ झाँकी पहुंचेगी उसके पष्चात हिन्दू उत्सव समिति दमुआ द्वारा भव्य मन मोहक झाँकी का चित्रण श्री राम दरबार श्री राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान, भरत सुग्रीव परिवार की मनमोहक भव्य झाँकी की प्रस्तुती प्रदर्षन करने वाली समिति मण्डलो गायन मण्डल टोली साज सज्जा सुन्दर झाँकी की प्रस्तुती पर मण्डलो समिति को पुरूश्कार परितोषिक पुरूष्कार ईनाम भी वितरण किया जायेगा। तत्पष्चात भव्य झाँकी शोभा यात्रा में शामिल समस्त भक्तजनों धर्म प्रेमियों भक्त श्रद्धालुओ आदि सभी को भोजन प्रसादी की व्यवस्था भण्डारा श्री श्री खेड़ापति माता मंदिर ष्शक्ति पीठ दमुआ में भोजन प्रसादी की पर्याप्त व्यवस्था भी बनाई गई है। श्री राम नवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष दमुआ नगर शहर को भव्य भगवा झण्डे तोरन गेट सीरिज लाईटिंग पाल पंडाल आदि आकर्षक तरह से सजाया गया है, और पूरे दमुआ नगर ष्शहर को लाईटिंग रोषनी से जग मगा दिया गया है। सम्पूर्ण माहौल भक्तिमय बना हुआ है मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान प्रभु श्रीराम जी के पावन पर्व श्रीराम नवमी पर भव्य झांकी शोभा यात्रा आज दिनांक 27 मार्च दिन शुक्रवार को नंदन खेल मैदान ग्राउंड से शाम 5 बजे भव्य शोभा यात्रा झांकी निकाली जा रहीं है। हिन्दू उत्सव समिति दमुआ द्वारा समस्त श्रीराम हनुमान जी के भक्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शोभा यात्रा में शामिल होकर श्रीराम नवमी के कार्यक्रम को सफल बनाया जायें, जबकि रैली आवागमन की सुगम याता व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से मुख्य रूप से पुलिस प्रशासन दमुआ भी मुख्य रूप से उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## शासकीय टिहलीबाई विद्यालय का कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित

**वारासिवनी।** शासकीय सांदीपनि टिहलीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी के वर्ष 2025-26 के स्थानीय कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम से बेहतर एवं सराहनीय रहा। इस वर्ष विद्यालय में कक्षा 9 वीं की परीक्षा में 362 विद्यार्थियों में 359 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए, जिनमें कुल 220 छात्र/छात्राए उत्तीर्ण हुए, कुल परीक्षा परिणाम 61.28 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम स्थान पर कु0 माही बोरकर ने 94.83 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर कु0 कृति बिसेन 92.5 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर आदित्य गौतम व कुमारी आरुषी पटले 92 प्रतिशत अंक लेकर रही।

इसी प्रकार कक्षा 11 वीं की परीक्षा में विद्यालय के सभी संकायों में कुल दर्ज 358 परीक्षार्थीयों में से 356 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिनमें प्रथम श्रेणी में 184 एवं द्वितीय श्रेणी में 106 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार कुल 290 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुए कुल परीक्षाफल 81.46 प्रतिशत रहा। विद्यालय में कक्षा 11 वीं में प्रथम स्थान पर कु0 हेमा उईके ने 92.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर मानष बंसोड़ 88.00 प्रतिशत तथा तृतीय स्थान पर कु0 रीया नागेश्वर 86.8 प्रतिशत रही।

विद्यालय का कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं का परीक्षा परिणाम नगर में सर्वोत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों की इस आशातीत सफलता पर विद्यालय प्रभारी प्राचार्य हुमराज पटले, स्थानीय परीक्षा प्रभारी लखन रिनायत, वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती वंदना शर्मा, डेलेन्द्र मेश्राम (आई.टी.शिक्षक), प्रवीण राणा, शरद सोनी, राम कुमार चौहान, डी.एस.तुरकर एवं अमित डोंगरे सहित समस्त शाला परिवार ने अपनी बधाईयाँ प्रेषित करते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## मूलनायक भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा की वेदी पर स्थापना व महामस्तकाभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

### 3 दिनों तक दिगम्बर जैन मंदिर में हुए विविध धार्मिक कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित 3 दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन बुधवार को भगवान जी की प्रतिमा की वेदी पर स्थापना के साथ सम्पन्न हुआ। पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 निर्मद सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में बुधवार की सुबह भगवान जी प्रतिमा को उनकी नवनिर्मित और शुद्ध की गई वेदी पर मंत्रोच्चार के साथ विराजमान किया गया। मंत्रोच्चार के साथ की जाने वाली यह क्रिया प्रतिमा में देवत्व की ऊर्जा को समाहित करती है, जिसके बाद वह प्रतिमा पूजनीय और वंदनीय हो जाती है। लगभग 125 वर्षो के बाद मूलनायक श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को नवीन वेदी पर स्थापित किया गया।

प्रतिष्ठाचार्य जी के निर्देशन में वेदी का संस्कार किया गया। जिसमें वेदी के चारों ओर विशिष्ट मंत्रों का जाप, यंत्र स्थापना और अष्ट द्रव्य से पूजन किया गया। जिससे वेदी का प्रत्येक कोना पवित्रता और सकारात्मकता से ओत प्रोत हो गया। यह क्रिया मंदिर की आध्यात्मिक शक्ति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए की जाती है।

उसके बाद स्वर्ण और रजत कलशों के माध्यम से भगवान महावीर का अभिषेक किया गया। इसमें जल, दूध,



दही, घी, गंधोदक, चंदन और केसर जैसे पवित्र द्रव्यों की धारा प्रभु के मस्तक पर छोड़ी गई। भक्ति के गीतों और जयकारों के बीच केसरिया और दूधिया धारा प्रभु के श्रीचरणों तक पहुँचते हुए देखकर वहाँ उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु का हृदय आनंद से भर गया। माना जाता है कि महामस्तकाभिषेक के दर्शन मात्र से अनंत जन्मों के पाप कट जाते हैं। तत्पश्चात गुरुजी का उपदेश हुआ और हवन के द्वारा पूर्ण आहुति दी गई।

इन समस्त क्रियाओं के अंत में शांति धारा का पाठ किया गया। जिसमें केवल स्वयं के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के जीवों के कल्याण, सुख, शांति और समृद्धि की मंगल कामना की गई। सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ इस ऐतिहासिक महामहोत्सव का मंगल समापन किया गया।

इस महामहोत्सव के अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने शामिल होकर पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 निर्मद सागर जी महाराज के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि इस समारोह में उपस्थित होकर सौभाग्य की अनुभूति कर रहा हूँ, वे इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने है, जब स्वयं भगवान वारासिवनी के जैन मंदिर में पधारे है। उन्होंने जैन समाज के संत-साधुओं के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में जो त्याग और तपस्या देखने को मिलती है, वह अन्यत्र दुर्लभ है, जिससे उनका सिर स्वतः ही सम्मान में झुक जाता है।


उन्होंने उल्लेख किया कि कई वर्षों के अंतराल के बाद भगवान पुनः इस मंदिर में स्थापित हुए हैं, जो पूरे समुदाय के लिए एक गौरवशाली क्षण है। उन्होंने महाराज जी के वारासिवनी आगमन पर उनका आभार व्यक्त किया और उनके सानिध्य एवं मार्गदर्शन में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।उन्होंने जैन धर्म के मूल मंत्र जियो और जीने दो का नारा लगाते हुए सभी से प्रेम और सद्भाव के साथ रहने

## कायदी में 7 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन आज

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायदी के हनुमान एवं दुर्गा मंदिर प्रांगण बाजार चौक में 27 मार्च से 2 अप्रैल 26 तक संगीतमय श्रीराम कथा एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 27 मार्च को रामनवमीं के दिन से प्रारंभ होकर हनुमान जयंती 2 अप्रैल 26 तक चलेगा। जिसमें कथा व्यास परमपूज्य संत श्री राधिका शरण जी महाराज वृंदावन धाम, परमपूज्य श्री संत राधाकिशोरी जी बरसाना धाम मथुरा एवं परमपूज्य सुश्री श्यामा किशोरी जी बरसाना धाम के सानिध्य में संगीतमय श्री रामकथा एवं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह में कथासार सुनायेगे। इस ज्ञानयज्ञ सप्ताह का शुभारंभ 27 मार्च को शाम 4 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। वहीं उसका समापन 2 अप्रैल 26 को कथा की पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा।

## वारी पांढरीपाठ सिद्धपीठ में उमड़ा आस्था का सागरः 2575 ज्योति कलशों से जगमगाई भक्ति

### अष्टमी पर जलदर्शन का भव्य आयोजन, हुआ हवन-पूजन व कन्या भोज, आज होगा कलश विसर्जन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर लांजी क्षेत्र स्थित वारी पांढरीपाठ सिद्धपीठ मंदिर में आस्था का अर्भतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। मां की महिमा से गूंजते इस पवित्र धाम में सुबह से ही जय माता दी के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। 2575 मनोकामना ज्योति कलशों की दिव्य आभा ने पूरे मंदिर परिसर को आलोकित कर दिया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर अपने जीवन की सुख-समृद्धि की कामना की। वारी का पांढरीपाठ मंदिर क्षेत्र का प्राचीन और प्रसिद्ध सिद्धपीठ है, जिसकी महिमा दूर-दूर तक गूंजती है। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से श्रद्धालु यहां माता के दरबार में अपनी अरदास लेकर पहुंचते हैं। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद अवश्य पूर्ण होती है। अष्टमी के दिन मंदिर में ज्योति कलशों के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। पंडा बाबा रेखलाल कावरे और संरक्षक सुधीर दशरिया की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई। मंदिर परिसर में देवी गीत, भजन और जगराते की गूंज ने श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया।नवरात्र के इस पावन अवसर पर वारी स्थित पहाड़ी पर विराजित माता मंदिर से ज्योति कलशों को खराडी जलाशय (वारी डेम) में जलदर्शन कराया गया। इस दिव्य क्षण के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जलदर्शन के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। आज अष्टमी पर मंदिर में विशेष हवन-पूजन कर पूणार्हुति दी गई। इसके साथ ही कन्या पूजन कर बालिकाओं को माता का स्वरूप मानकर श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया।

## कक्षा 5वीं और 8वीं में छात्रों ने मारी बाजी


## एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव का बोर्ड परीक्षा परिणाम सराहनीय



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लॉजी विकासखण्ड अन्तर्गत स्व. महेश कुशले शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा संचालित अशासकीय विद्यालय एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव से राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं एवं 8वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा पाँचवी में 112 छात्रों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। छात्रा फांसी पिता छोटेलाल बिसेन ने 91.5 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्र डिंजल पिता सुरेश बेदरे 89.75 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे। छात्रा गीत पिता लिलाधर बापुरे ने 88.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा आठवी में 48 छात्रों में से 47 छात्र उत्तीर्ण हुये। छात्रा धारिता पिता ओमकार बिसेन ने 93.16 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा वैष्णवी पिता नरेन्द्र बिसेन 91.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। श्रुती पिता संजय कबीरे और सृष्टि पिता मनोज अवसरे ने 90.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष श्री बलराम बड़घैया, श्री उपाध्यक्ष सुभाष कुशले, सचिव श्री राजाराम कुशले और स्कूल संचालक ए. आर. कुशले सर ने छात्रों के बेहतर परीक्षा परिणाम व सफलता पर बधाई दी है।

## विश्व टीबी दिवस पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान का शुभारंभ, उत्कृष्ट योगदान के लिए मायल भरवेली सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



विश्व टीबी दिवस 2026 के अवसर पर 24 मार्च को जिला क्षय केन्द्र बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (NTEP) के अंतर्गत एक जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। इस दौरान राज्य स्तर से प्राप्त लिंक के माध्यम से जिले में 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने टीबी रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि क्षय रोग (टीबी) एक पूर्णतः साध्य बीमारी है, जिसका समय पर निदान और नियमित उपचार से पूर्ण इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता ही इस बीमारी को जड़ से समाप्त करने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना जैसे लक्षण दिखाई दें, तो वह तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच कराएं और उपचार शुरू करें। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में टीबी की जांच और उपचार के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा निःशुल्क जांच एवं दवाइयों की व्यवस्था की गई है, जिसका लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही टीबी मुक्त समाज का निर्माण संभव है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रियवृत सोनकर ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 100 दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉक स्तरों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें सक्रिय रूप से संदिग्ध मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं पोषण सहायता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा में सभी लक्ष्यों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### आज चौरसिया समाज द्वारा मनाया जायेगा श्रीराम नवमीं पर्व

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** चौरसिया समाज सिवनी के तत्वाधान में आगमी 27 मार्च शुक्रवार को स्थानीय चौरसिया मंगल भवन राधाकृष्ण नगरी बरघाट नाके के पास सिवनी में श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रातः 9 बजे शहर के प्रमुख मंदिर पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया जायेगा, तत्पश्चात प्रातः 11 बजे से श्री श्री 1008 पूज्य डोमन गुरू बाबा (बरई बाबा) मंदिर में हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम स पन्न होगा इसके बाद दोपहर 01 बजे से शाम 5 बजे तक सामजिक भोज का कार्यक्रम रखा गया है। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया एवं पदाधिकारियों के द्वारा जानकारी देते हुए उक्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं, माताओं, बहनों, बच्चों, युवाओं, वृद्धजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### धोबीसर्रा में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन के आदेशानुसार आयुष पद्धति के प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता लाने के लिए तथा कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर के मार्गदर्शन में बुधवार 25 मार्च को विकासखंड बरघाट अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद औषधालय धोबीसर्रा द्वारा ग्राम सिलघाट के पंचायत भवन में निःशुल्क आयुर्वेद निदान एवं चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. माथुर ने बताया कि शिविर में आए रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। इस दौरान स्त्रीरोग, वातरोग, उदर रोग, चर्म रोग, कास (खांसी) एवं प्रतिश्याय (सर्दी-जुकाम) सहित विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया। चिकित्सकों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक दिनचर्या, संतुलित आहार-विहार एवं ऋतु परिवर्तन के दौरान होने वाले रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही कुपोषण जैसी गंभीर समस्या के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। आयोजित शिविर में कुल 106 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। आयोजित शिवर के माध्यम से शासन की योजना से ग्रामीण क्षेत्र में आयुर्वेद के प्रति विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है।

### लखनादौन में वनोपज सहकारी समितियों की कार्यशाला संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लखनादौन : जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एवं उत्तर वनमंडल सिवनी के अंतर्गत आने वाली प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के तत्वाधान में लखनादौन में वनोपज समितियों के संचालकों एवं सदस्यों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.डी.ओ. उत्तर वनमंडल लखनादौन गोपाल सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता अंकेक्षण अधिकारी सहकारिता विभाग सिवनी एवं प्रशासक जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी एन.डी. कटरे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन, दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यशाला में एन.डी. कटरे ने समिति प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए सहकारी समितियों के सफल संचालन के गुर बताए तथा सहकारिता विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं मुख्य अतिथि गोपाल सिंह ने वनोपज के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि वनों से प्राप्त जीवनोपयोगी संसाधन ग्रामीण आजीविका का महत्वपूर्ण आधार हैं।

# परीक्षा परिणाम में छात्रों के साथ बड़ी गड़बड़ीः एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक कोर्ट में तलब



## सैकड़ों नर्सिंग छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, हाईकोर्ट ने डिजिटल मूल्यांकन एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी बुलाया

मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (MPMSU) जबलपुर के परीक्षा परिणामों में बड़ी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। एम.एससी. नर्सिंग (द्वितीय वर्ष) की परीक्षा में मेधावी छात्रों को शून्य या असाधारण रूप से कम अंक दिए जाने के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर ने कड़ा रुख अपनाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

न्यायमूर्ति विवेक रूसिया एवं न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव (Registrar) और परीक्षा नियंत्रक (Controller of Examination) को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया है।

**क्या है मुख्य मामला** यह याचिका एमपी मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर के एक छात्र के द्वारा अधिवक्ता रितिक शर्मा के माध्यम से दायर की गई एवं पक्ष रखा गया है।

**रिट याचिका का आधार यह है किः सही उत्तर पर भी जीरो अंक :** याचिकाकर्ता की उत्तरपुस्तिका में परीक्षक द्वारा उत्तरों को 'सही' मार्क किया गया है, लेकिन उसके बावजूद डिजिटल सिस्टम में उन्हें 0अंक प्रदान किए गए हैं।

### RTI में फर्जीवाड़ा

यूनिवर्सिटी ने पहले याचिकाकर्ता को किसी अन्य छात्र की उत्तरपुस्तिका भेज दी, जिसमें भारी गलतियां होने के बावजूद उसे भी याचिकाकर्ता के समान ही अंक दिए गए थे।

अंकों में भारी अंतर : छात्रा ने प्रैक्टिकल परीक्षा में 200 में से 174 अंक प्राप्त किए, जबकि थ्योरी में उसे मात्र 20 अंक देकर फेल कर दिया गया।

### कोर्ट ने मूल्यांकन एजेंसी को भी घेरा

यूनिवर्सिटी ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उनकी डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली फुल-प्रूफ है और इसमें मानवीय हस्तक्षेप संभव नहीं है। हालांकि, उत्तरपुस्तिका एवं दस्तावेजों को देखने के बाद न्यायालय ने मूल्यांकन के लिए अनुबंधित निजी एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी को भी अगली सुनवाई पर तलब किया है ताकि वह अंकों के निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट कर सके।

### अगली सुनवाई 8 अप्रैल को

माननीय उच्च न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल 2026 को नियत की है। इस आदेश के बाद नर्सिंग छात्रों के बीच न्याय का एक नई उम्मीद जगी है, वहीं दूसरी ओर डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को लेकर गहरा संशय भी व्याप्त है और यह आशंका जताई जा रही है कि डिजिटल मूल्यांकन के नाम पर कई अन्य छात्रों के साथ भी इसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है।

# धूमा पुलिस ने पकड़ा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरा ट्रक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

धूमा पुलिस ने पकडा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश से भरा ट्रक वाहन कार्यवाही जारी पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री सुनील मेहता द्वारा जिले में हो रहे अवैध गौ-वंश परिवहन के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 24.03.26 की रात्रि में मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बंजारी के पास हड्डी गोदाम के सामने जंगल तरफ से ट्रक क्रं. MP22H1353 में अवैध गौवंश क्रूरता पुर्वक भरकर नागपुर की ओर जा रहे हैं।

सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन में बिना देर किये मौका की कार्यवाही हेतु थाना स्टाफ आर. 5.4 चन्द्रभान उड़के एवं गवाहान संजय पिता शंकरलाल झारिया को जरिये मोबाइल के सूचना देकर बुलाया एवं हमराह लेकर बंजारी के पास हड्डी गोदाम के सामने जंगल के पास में नाकाबन्दी की गई।

जो ट्रक क्रं. MP22H1353 बंजारी के जंगल तरफ से आते हुआ दिखा जो उक्त ट्रक वाहन का चालक अपने ट्रक वाहन को तेज रफ्तार में चलाकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ के स्टापर लगाकर बमुसकिल रोका गया। जो ट्रक क्रं. MP22H1353 के चालक एवं उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर ट्रक छोडकर भाग गये। ट्रक वाहन जिसका डाला के पीछे पटिया व रस्सी से बंधा हुआ था जिसे चेक करने पर गौवंश मवेशी रस्सी से क्रूरता पूर्वक भरे पाये गये। ट्रक वाहन में मौके पर ट्रक के डाला की पटिया हटवाकर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई ट्रक वाहन में ।। नग गाय, 05 नग बैल, 03 नग नाटे व 03 नग बछिया एवं 01 नग मृत बछिया कुल 23 नग गौवंश मवेशी क्रूरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु पाये गये। जिनको रस्सीयों से क्रूरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना क्रय विक्रय के दस्तावेजो डाक्टरी रिर्पोट के ले जाते हुये पाये गये। ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक के. MP22H1353 की कीमत लगभग 5,00,000 रू की होगी जो हमराह स्टाफ के मौके की कार्यवाही कर ट्रक वाहन के डाला में पाई गई गौवंश मवेशी एवं ट्रक वाहन को बिना दस्तावेजो के जप्ती किया। गौवंश मवेशीयो को नागनदेवरी गौशाला में सुरक्षार्थ रखवाकर पावती प्राप्त की गई। अज्ञात आरोपीगणो के द्वारा गौवंश मवेशी का क्रुरतापुर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र.- 94/2026 धारा 4,6,9 गौवंश, 6(ग), 7.10कू. पशु परि.अधि., 11(1)(घ) पशु के प्रति. क्रूर. निवा. अधि 66/192 माया जप्ती ट्रक वाहन में कुल 23 नग गौवंश मवेशी की कीमती लगभग 80,000 रु/- तथा ट्रक क्रं. MP22H1353 की कीमत लगभग 5,00,000/-1 उक्त कार्यवाही मे निरी० डोमन सिंह मरावी, सउनि जयराम ठाकुर, सउनि कन्हैयालाल धुर्वे, आर. 489 अरूण पटेल, आर. 500 रवि यादव, आर. 636 भैय्यन अंसारी, आर. 54 चन्द्रभान शाह उड़के एवं डायल 112 पायलेट गजेन्द्र एवं राजेन्द्र का सराहनी योगदान रहा।

# कान्हीवाड़ा में रुई के गोदाम में भीषण आग गैस एजेंसी के पास होने से मचा हडकंप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक बड़ी घटना सामने आई, जब एक रुई (कपास) के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। खास बात यह रही कि आग जिस गोदाम में लगी, उसके बिल्कुल पास ही एचपी गैस एजेंसी स्थित थी, जिससे किसी बड़े विस्फोट और जानमाल के नुकसान की आशंका से लोगों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग गोदाम के अंदर से भडक़ी और रुई जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ के कारण देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। कुछ ही देर में आसमान में घना काला धुआं छा गया, जो कई किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में भय और चिंता का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत कान्हीवाड़ा थाना प्रभारी संतोष कुमार पंद्रे, फायर ब्रिगेड और प्रशासन को अवगत कराया। सूचना मिलते ही दमकल की कई गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं और गैस एजेंसी की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने जोखिम भरे हालात में कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया और संभावित बड़े हादसे को टाल दिया।

गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन रुई के गोदाम में रखा भारी मात्रा में माल जलकर राख हो गया। आग की भयावहता को देखते हुए कुछ समय के लिए स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई थी, लेकिन प्रशासन और दमकल विभाग की तत्परता से हालात को नियंत्रित कर लिया गया।

आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है, हालांकि प्राथमिक जांच में शॉर्ट सर्किट या लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली करवा लिया था, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हो सका।

# एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



ग्राम पंचायत बंडोल में दिनांक 14/03/2026 दिन शनिवार को जन अभियान परिषद के सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया एवं नवांकुर संस्था से कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सीमा गाडपायले के मुख्य अतिथि में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम उपस्थित जनों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया इस दौरान देशभक्ति गीत एवं स्वागत गीत नवांकुर संस्था के द्वारा प्रस्तुत किया गया इस एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलार बांकी, बंडोल की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी व सदस्य गणों को आवश्यक जानकारी दी गई इस प्रशिक्षण में कुल 4 साल हुए जिसमें प्रथम सत्र में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के उद्देश्य, अवधारणा एवं परिषद की योजनाएं विषय पर जानकारी प्रदान की गई दूसरे सत्र में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम पर जानकारी प्रदान की गई तीसरे सत्र में स्वयं सेवी संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन विषय पर जानकारी वहीं अंतिम सत्र में प्रस्फुटन समितियां का दस्तावेजीकरण विषय पर जानकारी दी गई यह कार्यक्रम यह प्रशिक्षण ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां के लिए क्षमता वृद्धि का कार्य करेगा और इससे समितियां अपने ग्राम में स्वेच्छा से अच्छे से कार्य कर पाएगी कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षण आर्थियों के अतिथि के हस्ते प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया यह कार्यक्रम जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मुनि का चौरसिया एवं नवांकुर संस्था से कार्यक्रम समन्वयक श्रीमती सीमा गढ़पायले के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेंद्र लिल्हारे, डॉ सुनील राय, मनोरंजन सिंह बघेल, अरविंद बघेल, शोभा बघेल परामर्शदाता, विजय यादव, प्रकाश यादव, कैलाश बघेल, राजकुमार कुमार वर्मा, नरेश यादव, शंकर यादव, प्रवीण राय, cmcldp छात्र अनुश्री यादव,वर्षा साहू, की उपस्थिति रही।

# श्रीराम जय घोष के साथ श्रीराम जन्मोत्सव पश्चात नगर भ्रमण पर निकलेगी रामनवमी की विशाल शोभायात्रा

### आज सुबह 10 बजे से भक्तों की उपस्थिति में पूजन पाठ के साथ संगीतमय भजन कीर्तन के बीच दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जय श्रीराम के जय घोष से गुंजायमान और हजारों दीपों की जगमग रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार गांधी चौक शुक्रवारी जहां चैत्र नवरात्र के साथ नव वर्ष के इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित सनातनी बंधुओं, मातृशक्ति सहित हर वर्ग के श्रृद्धालुओं की भीड़ बढ़ चढक़र हिस्सा ले रही हैं।

ज्ञात हो कि विगत 15 वर्षों से लगातार नगर के हृदय स्थल नाम से पहचाने जाने वाला गांधी चौक (शुक्रवारी) जहां श्रीराम दरबार में शाम होते ही सभी उम्र के श्रृद्धालुओं की भीड़ आकर्षक साज सज्जा से सजे श्रीराम दरबार के दर्शन करने उमड़ रही है जहां रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन, स्तुति और सामूहिक महाआरती में अपनी व अपने परिवार जनों की उपस्थिति दर्ज करा पुण्य लाभ अर्जित कर व प्रसाद प्राप्त करने के प्रति हर रोज आतुर रहती है।

ज्ञात हो कि विगत 23 मार्च 2026 को नगर के हृदय स्थल गांधी चौक के मंच पर स्थापित श्रीराम दरबार में आस्था की डुबकी लगाने के लिए सभी धर्मों के अनुयायियों की उपस्थिति रहती है वहीं श्रीराम जी की आरती उतारने और इस पल का साक्षी बनने के लिए हर वर्ग के सनातनी बंधुओं, मातृ-शक्तियों की अपार भीड़ पूरे श्रृद्धाभाव से लालायित रहते हैं।

सर्व प्रथम भारत माता की जय कार और पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रगान का गायन होता है तत्पश्चात श्रीराम स्तुति और फिर श्रीराम जी के गगनभेदी जयघोष के बाद सामूहिक महाआरती का विहंगम दृश्य सैंकड़ों दीपों की रोशनी से जगमगाता श्रीराम दरबार अद्भुत और अलौकिक नजर आता है। इसी कड़ी में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रामनवमी के शुभ अवसर पर गांधी चौक, शुक्रवारी स्थित श्रीराम मंदिर में प्रातः से भजन-कीर्तन, पूजा अर्चना के साथ भक्तों की उपस्थिति में दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का जन्मोत्सव संगीतमय भजन सहित पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। तत्पश्चात श्रीराम मंदिर प्रांगण से ही दोपहर 3 बजे से भव्य शोभायात्रा भगवान श्रीराम जी की जय जयकार के साथ निकाली जाएगी जो श्रीराम मंदिर से काली चौक, बसोड़ी मोहल्ला बरघाट रोड, गणेश चौक, जैन मंदिर से शुक्रवारी होते हुए गिरजाकुंड, ढीमरी मोहल्ला, छिंदवाड़ा चौक से नगरपालिका चौक के बाद नेहरू रोड होकर पुनः शुक्रवारी चौक पहुंचकर शोभायात्रा का अंतिम पड़ाव होगा, जहां महाप्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा। श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने नगर के सभी धर्म प्रेमी जनमानस से परिवार सहित पारंपरिक वेशभूषा में श्रीराम जन्मोत्सव पर एंव श्रीराम दरबार की भव्य शोभायात्रा में सम्मिलित होकर भव्यता प्रदान करने की अपील की है।

# श्री राम मंदिर कलबोड़ी में रामनवमीं की धूम एवं ज्वाला देवी मंदिर में सजा है दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इस समय वसंत नवरात्र का पर्व चल रहा है एवं चारों तरफ माता रानी की भक्ति की गंगा बह रही है। ऐसे पावन अवसर पर एक तरफ ग्राम कलबोड़ी में स्थित आनंदवर्धन श्री राम मंदिर में रामनवमी पर्व को धूमधाम से मनाने की तैयारी चल रही है। इस बार नवयुवकों में राम जन्मोत्सव को लेकर बहुत उत्साह है। वे शोभा यात्रा को भव्यता से निकालने की तैयारी कर रहे हैं। इसके साथ साथ श्री राम मंदिर समिति से जुड़े वरिष्ठ सदस्य गण भंडारा महाप्रसाद की तैयारी में जुटे हुए हैं। जोकि राम नवमी पर्व पर वितरण किया जाएगा।

वहीं दूसरी तरफ ज्वालामुखी देवी मंदिर कलबोड़ी में माता रानी का दरबार सजा हुआ है यहां पर 477 मनोकामना कलश जगमगा रहे हैं। बाबा दुर्गादास आनंद जी व अन्य भक्तगण सेवा में लगे हुए हैं।इनका विसर्जन भी दिनांक 27 मार्च को किया जाएगा।

कुल मिलाकर ग्राम कलबोड़ी में इस समय पूरा धार्मिक वातावरण बना हुआ है। एवं ये दोनों मंदिर आस्था के प्रतीक बने हुए हैं। जहां पर श्रद्धालु दूर-दूर से आकर अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

श्री राम मंदिर समिति कलबोड़ी के अध्यक्ष ज्वाला मुखी मंदिर के सदस्य श्याम सिंह माली ग्राम के सरपंच नरेश टेकाम एवं ग्राम पटेल जीवन सिंह चंदेल ने समस्त भक्तों एवम क्षेत्र वासियों से इस अवसर पर श्री राम मंदिर एवं ज्वालामुखी देवी मंदिर में आयोजित समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित का अनुरोध किया है।

# शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया है कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। ऐसे में जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसके लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है।

कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, जिससे शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं, या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते शार्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इसलिए जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें।

मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, जिससे शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि संस्था का वर्तमान नामः "श्री राम आदर्श एजुकेशन सोसायटी, डी.पी. चतुर्वेदी साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स एवं बी.एड. कॉलेज, बरापत्थर, सिवनी" को प्रबंधन समिति के प्रस्ताव द्वारा बदलकर नया नामः "डी.पी. चतुर्वेदी साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स एंड एजुकेशन कॉलेज, सिवनी पढ़ा जाये तथा उक्त नाम से जाना जाएगा। यदि किसी व्यक्ति को इस नाम परिवर्तन पर कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि किसी को कोई आपत्ति नहीं है तथा आगे की कार्यवाही की जाएगी।

अध्यक्ष
श्री राम आदर्श एजुकेशन सोसायटी
पताः बरापत्थर, जिला सिवनी (म.प्र.)

### मंचीय कार्यक्रम में अतिथियों ने दिये उदबोधन, जिले भर से हजारों की संख्या में एकत्रित हुये स्वजातीय नागरिक

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती पर मरार समाज ने निकाली ऐतिहासिक रैली

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिला मरारमाली समाज बालाघाट के तत्वावधान में आज 26 मार्च को चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मरार समाज द्वारा ऐतिहासिक रैली निकाली गई। जो शहर भ्रमण पश्चात स्थानीय कमला नेहरू प्रांगण पहुंची। जहां मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियो ने उदबोधन दिये और सम्राट अशोक के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान जिले भर से हजारो की संख्या में स्वजातीय नागरिक उपस्थित हुये। जिन्होने कार्यक्रम कोसफल बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया। सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती के अवसर पर जिला मरार माली समाज के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ माता सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास बूढी बालाघाट से किया गया। जहां मोटर सायकल में सवार होकर हजारो की संख्या में लोग झण्डे बेनर लेकर निकले, वही 4 पहिया वाहनों में भी लोग सवार होकर रैली में हिस्सा लिये। माता सावित्री कन्या छात्रावास से रानी अवंती बाई चौक, बैहर रोड होते हुये वाहन रैली बायपास पहुंची और वहां से राष्टपिता महात्मा फुले एवं माता सावित्री बाई फुले चौक सरेखा पहुंची। जहा दोनो ही महान आलाओं के स्टेच्यू पर समाज के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। तत्पश्चात वाहन रैली वहां से कोसमी होते हुये उडान पुल पर पहुंची और उडान पुल से हनुमान चौक, नया सराफा, महावीर चौक, मुख्य मार्केट, गुजरी चौक होते हुये काली पुतली चौक से अंबेडकर चौक पहुंची। जहां सामाजिक पदाधिकारियों ने डॉ.आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात रैली स्थानीय कमला नेहरू भवन पहुंची, जहां मंचीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

### प्रेम, सहिष्णुता, सत्य, अहिंसा एवं शाकाहारी जीवन के सच्चे समर्थक थे अशोक महान

वाहन रैली पश्चात मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों ने सर्वप्रथम सम्राट अशोक महान, महात्मा ज्योतिबा फुले एवं माता सावित्री फुले के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन करते हुये मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में अतिथियों के स्वागत पश्चात विचार व्यक्त करने का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सम्राट अशोक के बारे में विचार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का उदघाटन पी जी कालेज के प्राचार्य डॉ.अशोक मराठे ने अपने विचार व्यक्त किये। जिसके पश्चात मुख्यातिथि अखिल भारतीय कुशवाहा समाज महासभा म.प्र. के प्रदेश सचिव राजेश हरदहा ने अपने विचार व्यक्त किये। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मरार माली समाज बालाघाट के अध्यक्ष रमेश पंचे ने किया। विशेष अतिथि के रूप में आत्माराम पांचे, अध्यक्ष मरार समाज कल्याण समिति गोंदिया, एल.सी.लांजेवार अध्यक्ष फूलमारी समाज बालाघाट, भरतलाल बढमे अध्यक्ष जम्मु माली समाज बालाघाट, उदयसिंह पंचेश्वर मार्गदर्शक एवं सामाजिक चिंतक तथा सालिकराम मौर्य सामाजिक चिंतक, राजेश मरार सहित दर्जनो विचारको ने अपने विचार रखे। जबकि कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सीताराम सैनी, सामाजिक चिंतक डी.एल.मानेश्वर संरक्षक जिला मरारमाली समाज बालाघाट, लेखराम मातरे ब्लाक अध्यक्ष जिला मरारमाली समाज बरघाट, सरस्वती पंचेश्वर जिला सभापति महिला प्रकोष्ठ,



सुशीला पंचाले जिला सभापति व्यापारी प्रकोष्ठ एवं प्रो.नरेन्द्र जामरे सामाजिक चिंतक बालाघाट ने सम्राट अशोक के संदर्भ में अपने विचार रखे। कार्यकम में प्रस्तावना फुले विचार प्रकोष्ठ के जिला सभापति बी.एल.पंचे प्रस्तुत किया। वही कार्यक्रम का मंच संचालन जिला मरारमाली समाज के उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने किया।

इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि सम्राट अशोक जैसा महान राजा इतिहास में कोई और नही हुआ। एक युद्ध में हुये वज्रपात ने सम्राट अशोक का जीवन ही बदल दिया और उन्होने उसी समय परोपकार करने का निर्णय ले लिया। अखण्ड भारत का निर्माता सम्राट अशोक ने ही किया। जिस समय सम्राट अशोक का शासन था। तब ईरान, ईराक, अफनागिस्थान, पाकिस्तान, बांगलादेश, भूटान, नेपाल सभी देश अखण्ड भारत में समाहित थे। सम्राट अशोक का शासनकाल सहिष्णुता और भाई-चारे का था। किसी के साथ भेदभाव वाला शासन नही था। सम्राट अशोक प्रेम, सहिष्णुता , सत्य, अहिंसा और शाकाहारी जीवन के पक्के समर्थक थे। उनके कार्यकाल में ही अशोक स्तंभ का निर्माण हुआ जो अभी भी भारत की प्रमुख पहचान है। अशोक का चिन्ह भारत की



संप्रभुता का प्रतीक है। विचारको ने सम्राट अशोक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जिला मरारमाली समाज बालाघाट की अगुवाई में मनाये गये सम्राट अशोक की जन्म जयंती अवसर पर जिले के सभी दस विकासखण्डो से हजारो की संख्या में स्वजातीय नागरिको की उपस्थिति रही। जिले के बैहर, बिरसा, परसवाडा, किरनापुर, लांजी, वारासिवनी, कटंगी, खैरलांजी, लालबर्रा एवं बालाघाट विकासखण्ड के सामाजिक पदाधिकारियो के प्रयासो स्वजातीय नागरिको की उपस्थिति हो सकी। कार्यक्रम में पुरूषो के साथ ही महिलाओं ने भी बढ चढकर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में हजारो की संख्या में उपस्थित लोगो ने कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की।

## हट्टा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये 2 मोटर साइकिल चोर, 1 मोटर साइकिल जप्त



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

थाना हट्टा के जंगल क्षेत्र के गांव से मोटर साइकिल चोरी की सूचना प्राप्त होने पर हट्टा पुलिस ने की कार्यवाही। दो आरोपियों द्वारा मिलकर चोरी की वारदात करना सामने आया।पूछताछ में आरोपियों द्वारा मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया।थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक हीरो होंडा एच.एफ. डिलक्स मोटर साइकिल जप्त की गई।घटना में अंजाम देने वाले दोनों आरोपी गिरफ्तार किए गए।

थाना हट्टा अंतर्गत ग्राम नेवरगांवखुर्द (लभानकातरा) निवासी फरियादी समारू उईके के घर से दिनांक 11.03.26 को दरवाजे के सामने खड़ी मोटर साइकिल चोरी हो जाने की सूचना पर थाना हट्टा में अपराध क्रमांक 23/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

आरोपी 01. उदयसिंह पिता रूपसिंह धुर्वे जाति गोंड उम्र 32 साल नि. मढकामढई थाना हट्टा, 02. मनीष पिता स्व. बघेलसिंह उर्फ मंगलसिंह टेकाम जाति गोंड उम्र 25 वर्ष निवासी धुनधुनवार्धा पुलिस चौकी डाबरी थाना लांजी दोनो ने आपस में मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिये है।थाना हट्ट के जंगल क्षेत्र स्थित गांव में मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों को आर्थिक नुकसान हो रहा था। इस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी हट्टा को तत्काल कार्यवाही कर चोरी गई मोटर साइकिल को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया था। थाना हट्टा पुलिस द्वारा लगातार ग्रामवासियों से संपर्क कर तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया।दिनांक 25.03.2026 को मुख़बिर सूचना प्राप्त होने पर संदेह के आधार पर आरोपीगण से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने चोरी की बारात करना स्वीकार की। आरोपियों के निशानदेही पर उनके बताए स्थान से चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गई। एक मोटर साइकिल एच.एफ. डिलक्स क्रमांक MP50-MT- 5193, अनुमानित कीमत लगभग रू65,000/-। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा, उप निरीक्षक अविनाश सिंह, प्रधान आरक्षक 06 सतीश पारधी, आरक्षक 58 विष्णु प्रताप, आरक्षक 1512 अभिषेक, एवं होमगार्ड क्रमांक 158 सुनील नागपुरे का सराहनीय योगदान रहा।

### संजय बिसेन को मातृ शोक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** गर्रा निवासी संजय बिसेन की माता एवं पूर्व सरपंच नत्थूलाल बिसेन की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसूया बिसेन का 84 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया है। मिली जानकारी अनुसार 24 तारीख की रात्रि में उनके निधन से ग्राम गर्रा में शोक की लहर छा गई। 25 मार्च को स्थानीय मोक्षधाम वैनगंगा तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। गर्रा के पूर्व सरपंच नत्थूलाल बिसेन की धर्म पत्नी एवं भाजपा नेता संजय बिसेन की माताजी परिवार में बेटा ,बहु , 2 नातिन 3 बेटियां हैं। गर्रा निवासी संजय बिसेन भाजपा नेता है और पूर्व ग्राम गर्रा के उपसरपंच रहे हैं। निधन की खबर से ग्रामवासियों ने उनके निज निवास मशीनटोला पहुंचकर दुख प्रकट किया।



## चांगोटोला पुलिस ने 134 लीटर शराब पकड़ी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिले में चांगोटोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन गिरफ्तार किया है। एक आरोपी फरार होने में सफल रहा। चांगोटोला पुलिस ने दो चौपहिया वाहनों से 134 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान एक कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे वाहन के चालक मंडला जिले के नैनपुर निवासी संदीप चौधरी (36) को पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी संदीप चौधरी ने बताया कि वे जिले के पादरीगंज से नैनपुर अंग्रेजी शराब ले जा रहे थे। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

## जिला पंचायत सदस्य शुक्ला ने ग्रामीणों को करवाई तीर्थ यात्रा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला पंचायत सदस्य मधु ऋषि शुक्ला को विगत कई सालों से अपने समाज सेवी कार्यों धार्मिक यात्राओं निर्धनों गरीबों की मदद करने के लिए पहचाना जाता है। इसी कड़ी में उन्होंने नवरात्रि के पवन अवसर पर एक और नवाचार कार्यक्रम किया गया । जिसके अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र की ग्रामीण बहनों को तीर्थ दर्शन यात्रा के माध्यम से नवरात्रि के आनंद को ओर बड़ा दिया जिसकी हर माता बहने बहुत खुश हो रही है । सबसे पहले सभी को एक बस करके उसमें सभी को हाजरा फाल झरना घुमाया गया जहां सभी ने भरपूर आनंद लिया । उसके बाद नवरात्रि पर्व के चलते डोंगरगढ़ पहुंच कर सभी बहनों के साथ मां बमलेश्वरी के दर्शन किए साथ ही सभी स्वयं सहायता समूह की बहनो के साथ बमलेश्वरी के डोंगरगढ़ धाम में भंडारे का कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किए ।

डोंगरगढ़ यात्रा के बाद बहनों को हल्दी कुमकुम देकर उन्हें सुंदर साड़ी और श्रृंगार से उनका पूजन अर्चन किया गया, इस कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की बहनों के सशक्त होने के लिए मधु शुक्ला के द्वारा मां



बमलेश्वरी से प्रार्थना की गई की मां उन्हें नई शक्तियों से हमेशा विभूषित करते रहे । स्वयं सहायता समूह के कल्याण के लिए जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला द्वारा मां बमलेश्वरी को चुनरी चढ़ाई गई । इस यात्रा में जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ल द्वारा एक बस बनाई गई और बस के माध्यम से 22 ग्राम पंचायत की बहनों को बमलेश्वरी मां के दर्शन कराय गए। उनका कहना है कि देवी कहीं और विराजित नहीं होती सबसे पहली देवी हमारे घरों में ही विराजित है । घर के हर सदस्य को उनका सम्मान करना चाहिए, वही देवियां विभिन्न रूपों में आपके घर में विराजित है कभी अन्नपूर्णा के रूप में अपने परिवार का भरण पोषण करती है तो घर में समस्या आने पर मां काली का उग्र रूप धारण कर घर के अनिष्ट को हारती है कभी दुर्गा का रूप ले अपने सारे गुना से वाशी वशीभूत हो अपने घर को सजती सावर्ती है जब घर में कभी आर्थिक विपत्ति आ जाए तो लक्ष्मी का रूप धारण कर अपने घर की हर समस्या का समाधान करती हुई दिखाई देती है । वह कहना चाहती हैं कि अपने घर की मां बेटियों का हमेशा सम्मान होना चाहिए समय-समय पर उनका पूजन उनका अभिनंदन होना चाहिए जैसे शिव के बिना शक्ति अधूरी है वैसे ही शक्ति के बिना शिव अधूरे हैं दोनों एक दूसरे के पर्याय हैं इसीलिए पति-पत्नी को एक साथ होकर किसी भी अच्छे कार्य को अंजाम




देना चाहिए समाज में हर महिला का सम्मान उसे देखने का नजरिया देवी स्वरूप ही होना चाहिए । जिला पंचायत सदस्य मधु शुक्ला ने एक नई मुहिम छेड़ी है अपनी माता बहनों को उनके देवी स्वरूप से अवगत कराने का कार्य करती रहती हूं उन्हें खुद यह बात समझ में आनी चाहिए की पहली देवी तो घर में ही विराजित है । देवी कहीं और नहीं हमारे समाज के अंदर हमारे घर में ही विराजित हैं । उनका पग़ पग पर सम्मान हो उनके कल्याण में ही हमारा कल्याण है मेरे कार्यक्रम हर बार कुछ यही संदेश देने के लिए होते हैं सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पसंद तू मां कश्यप भाग भावे की प्रार्थना के साथ में हमेशा ऐसे नए नवाचार करने का प्रयास करती रहूंगी।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 26 मार्च को जिले के सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुभागों के एसडीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुडे रहें।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलों में फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जिन तहसीलों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर पाया गया, वहां के एसडीएम को विशेष रूप से वसूली कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व वसूली शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल है, इसलिए इसमें तेजी लाना आवश्यक है।



बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने ज्ञात एवं अज्ञात वाहनों से जुड़े मामलों में पीड़ितों को दी जाने वाली दुर्घटना सहायता राशि समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को समय पर राहत मिल सके। इसके साथ ही आरसीएमएस पोर्टल के अंतर्गत दर्ज भूमि बंटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन से जुड़े मामलों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण किया जाए और जहां कहीं अतिक्रमण की स्थिति हो, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाए। सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं राजस्व कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीजी कॉलेज में स्लोगन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार वर्ष 2026 के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 25 मार्च 2026 को "जल ही जीवन है" विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 8 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में हर्ष शिववंशी (एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, अंग्रेजी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने ली प्राचार्यों की समीक्षा बैठक

## नए शिक्षा सत्र की तैयारियों और प्रवेश उत्सव पर दिया जोर




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. उपाध्याय द्वारा 26 मार्च 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के सभा कक्ष में जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं हाई स्कूल प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की तैयारियों, प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि नवीन शिक्षा सत्र 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर "प्रवेश उत्सव" को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए सभी प्राचार्यों को विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सजावट, रंगोली, पेंटिंग एवं सेल्फी पॉइंट तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं पालकों को आमंत्रित करने के लिए भी कहा गया।

बैठक में 19 मार्च से 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विद्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए तिथिवार कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर एवं रंगोली, जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण एवं पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी प्राचार्यों को कार्यक्रम के बाद प्रतिवेदन, फोटो एवं पेपर कटिंग भेजना अनिवार्य किया गया।

विकासखंड कार्यालयों में प्राप्त पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्यों को कहा गया कि वे सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों में वितरण करें तथा इसकी ऑनलाइन एंट्री भी पोर्टल पर दर्ज करें। बैठक में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा की गई। अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए मई माह में आयोजित होने वाली द्वितीय परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। टाइमटेबल मंडल कार्यालय द्वारा जारी किया जा चुका है।

बैठक में लंबित MPTAASC एवं छात्रवृत्ति प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, "हमारे शिक्षक" एप पर शिक्षकों की 100% ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने, प्रवेश प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ, 31 मार्च तक शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने, किसी भी विद्यालय में ड्रॉपआउट की स्थिति न बनने देने के सख्त निर्देश दिये गए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

## बैगा, सहारिया और भारिया वर्ग के विद्यार्थियों के लिए सुनहरा अवसर

**बालाघाट। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल श्रीमती ऊषा अजय सिंह द्वारा 26 मार्च को विभिन्न जिलें के सहायक आयुक्त के साथ वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं, विशेष रूप से छात्राओं की भागीदारी बढ़ाने एवं उनकी तैयारी को सुदृढ़ करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।**

वीसी में बताया गया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा वनरक्षक, क्षेत्ररक्षक एवं जेल विभाग के अंतर्गत जेल प्रहरी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसमें विशेष रूप से मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति (PVTG) समुदाय जैसे बैगा, सहारिया एवं भारिया वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अलग प्रावधान किए गए हैं। इन अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण-पत्रों सहित सीधे संबंधित विभाग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित करना होगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर द्वारा जिले के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में संचालित विद्यालयों के सभी प्राचार्यों की बैठक बुलायी गई। बैठक में सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे जिले में निवासरत बैगा समुदाय के छात्र छात्राएँ जो 10वीं उत्तीर्ण है, उनके वन रक्षक के पद के लिए आवेदन फार्म ऑफलाईन वन मण्डलाधिकारी कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के पीव्हीटीजी छात्र-छात्राओं, जो अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो रहे हैं, उनका अनिवार्य रूप से इन भर्तियों के लिए आवेदन भरवाया जाना है। सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य को मिशन मोड में करें जिससे अधिक से अधिक बैगा समुदाय के छात्र छात्राओं के फार्म जमा कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके।